प्रेषक,

विकास वर्मा
अपर सिविल जज (जू0डि0)
कक्ष संख्या–3, कन्नौज।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद कन्नौज।

विषयः– कार्यभार ग्रहण करने के समय चल–अचल सम्पत्ति विवरण प्रेषित किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपरोक्त वर्णित विषयक के संदर्भ में निवेदन है कि प्रार्थी उ0प्र0 न्यायिक सेवा 2018 का न्यायिक अधिकारी है। प्रार्थी की नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या 3997/ एडमिन(सर्विसेस)/ 2019 दिनॉक 14 नवम्बर, सन् 2019 के माध्यम से अपर सिविल जज (जू0डि0), जनपद कन्नौज पर हुयी है। प्रार्थी दिनॉक 18.11.2019 से अपर सिविल जज (जू0डि0), कक्ष संख्या–3, कन्नौज के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी द्वारा न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के समय तक का चल–अचल सम्पत्ति का विवरण (आई0डी0 संख्या–2679) दिनॉक 21.10.201 को ई–सर्विसेस पोर्टल पर प्रस्तुत किया गया था, जिसमें कुछ विवरण त्रुटिवश भरने से छूट गये थे। जिस कारण प्रार्थी द्वारा पूर्व में प्रस्तुत सम्पत्ति विवरण वापस लेकर संशोधित करते हुए नवीन सम्पत्ति विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रार्थी न्यायिक कार्य की व्यस्तता एवं कोविड–19 की महामारी के प्रकोप के कारण उक्त विवरण समय से प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके लिए प्रार्थी क्षमा याचना करता है। प्रार्थी को क्षमा करने की कृपा करें।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नवीन संशोधित सम्पत्ति विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। प्रार्थी माननीय महोदय का सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

भवदीय,

दिनॉकः–09.12.2021

Vikas Verma 09/12/2021

(विकास वर्मा)
अपर सिविल जज (जू0डि0)
कक्ष संख्या–3, कन्नौज।
आइ0डी0नं0– यू0पी03569